सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल) द्वारा विश्वविद्यालय के चौरास व श्रीनगर परिसरों में छात्रों व कर्मचारियों की सुविधा हेतु कैन्टीनों के संचालन हेतु निम्न फर्मो व प्रोपराइटरों को निविदा के आधार पर किराये पर संचालन की अनुमति प्रदान की गई थी, परन्तु निम्न फर्मो द्वारा निर्धारित भवन किराया, जलमूल्य एवं विद्युत किराया विश्वविद्यालय कोष में जमा नही किया गया है तथा वर्तमान में किराये की धनराशि निम्नवत अवशेष है:-

क्र0सं0	फर्म/प्रोपराइटर का नाम	अद्यतन बकाया धनराशि
1	श्री संजय बिष्ट पुत्र श्री रघुवीर सिंह बिष्ट, प्रो0 न्यू डेलीसियस फूड एण्ड कैटरिंग, बिड़ला परिसर श्रीनगर	रू0 3,74,838=00
2	श्री राजेन्द्र सिंह, प्रो0 रावत फूड एण्ड कैटरिंग कैन्टीन प्रशासनिक भवन, हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल	रू0 5,12,001=00
3	श्री रजत पंवार पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह पंवार, कंसमर्दनी मार्ग, श्रीनगर गढ़वाल	रू0 8,74,757=00
4	श्री सुशील जोशी, मै0 गणपति इन्टरप्राइजेज, बद्रीनाथ मार्ग, निकट पुलिस चौकी, श्रीकोट गंगानाली	रू0 1,14,115=00

उक्त फर्मो को अवशेष कैन्टीन भवनों का किराया, पानी व बिजली का बिल आदि का भुगतान समय पर न करने पर कई बार नोटिस प्रेषित करने पर भी उक्त बकाया धनराशि का भुगतान नही किया गया है, जिसके फलस्वरूप उक्त सभी फर्मो को विधिक नोटिस, बावत विश्वविद्यालय भवन खाली करने व बकाया धनराशि का भुगतान करने, के जारी किये गये हैं। उक्त कैन्टीन संचालकों द्वारा विश्वविद्यालय के भवनों पर अवैध कब्जा बनाया हुआ है।

अतः उक्त चारों फर्मो को लगातार शर्तो का उलंघन करने, किराया भुगतान न करने व सरकारी सम्पत्ति पर अवैध कब्जा बनाये जाने के कारण **काली सूची में सूचीबद्ध (Black listed)** किया जाता है तथा भविष्य में टेण्डर प्रक्रिया में प्रतिभाग करने से निषिद्ध किया जाता है।

सूचना जानें।

(कुलसचिव)

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

पत्रांकः- ग0वि0वि0/प्रशासन/2019/6093 दिनांकः- 18-06-2019

प्रतिलिपिः-

1- उक्त सम्बन्धितों को।
2- विश्वविद्यालय सूचना पट।
3- जिलाधिकारी, पौड़ी को सूचनार्थ।
4- जिलाधिकारी, टिहरी को सूचनार्थ।
5- अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, श्रीनगर को सूचनार्थ।
6- उपजिलाधिकारी, श्रीनगर।
7- थानाध्यक्ष, कोतवाली श्रीनगर/थाना कीर्तिनगर।
8- सिस्टम मैनेजर, हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय को वि0वि0 वेवसाइट में अपलोड करने हेतु।
9- उपकुलसचिव (क्रय विक्रय)/विश्वविद्यालय क्रय समिति।
10- वित्त अधिकारी, हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर।
11- कुलसचिव, एन.आई.टी., श्रीनगर।
12- अधीक्षक, मेडिकल कालेज अस्पताल, श्रीकोट, श्रीनगर।

(कुलसचिव)